# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

पत्रांक: कमेटी सैल / (दीक्षान्त) / 5282
दिनांक: 01.12.2022

सेवा में,

**समस्त सम्मानित सदस्य विद्वत परिषद**
**चौ0 चरण सिह विश्वविद्यालय, मेरठ।**

महोदय / महोदया,

आपको हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ का 34वाँ दीक्षान्त समारोह **बृहस्पतिवार दिनांक 15.12.2022** को होना निर्धारित हुआ है। इस सम्बन्ध में आपको अवगत कराना है कि आप विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद के सम्मानित सदस्य हैं तथा विश्वविद्यालय नियमावली के प्राविधानों के अनुसार आपको, दीक्षान्त समारोह शोभा–यात्रा में सम्मिलित होना है। अतः मा0 कुलाधिपति के नेतृत्व में निकलने वाली शोभा यात्रा में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

उक्त के क्रम में सादर सूचित करना है कि दीक्षान्त समारोह में समरूपता लाने के दृष्टिगत गठित समिति की रिपोर्ट की संस्तुतियों एवं राज्यपाल सचिवालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र संख्या–ई–486 / जी0एस0 दिनांक 17 जनवरी, 2018 के आलोक में शोभायात्रा में उपस्थित होने वाले सदस्य निम्नानुसार वेशभूषा में उपस्थित रहेगें।

| पुरूष वर्ग | महिला वर्ग |
|---|---|
| (i) पुरूष काले रंग का बन्द गले का सूट व काले जूते (स्वयं प्रबन्ध करना होगा)<br>(ii) उत्तरीय (विश्वविद्यालय द्वारा दिया जायेगा) | (i) महिला क्रीम कलर की साड़ी लाल बार्डर, लाल ब्लाउज एवं आवश्यकतानुसार लाल स्वेटर (स्वयं प्रबन्ध करना होगा)<br>(ii) क्रीम कलर की स्लीवलैस जैकेट एवं उत्तरीय (दोनों विश्वविद्यालय द्वारा दिये जायेंगे) |

अतः आपसे अनुरोध किया जाता है कि आप निर्धारित तिथि **15.12.2022**को दीक्षान्त समारोह **प्रारम्भ होने से एक घण्टा पूर्व "नेताजी सुभाषचन्द्र बोस प्रेक्षागृह"** के समीप बने पण्डाल (ड्रेसिंग रूम) में निर्धारित वेशभूषा में पहुँचकर अपना उत्तरीय / दीक्षान्त परिधान ग्रहण कर लें तथा फोटो सेशन व शोभा यात्रा में सम्मिलित होने के लिए तैयार रहने का कष्ट करें। कार्यक्रम का निमन्त्रण–पत्र आपको अलग से प्रेषित किया जायेगा।

सादर।

भवदीय,
02/12
for
**कुलसचिव**

# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

**पत्रांक:** कमेटी सैल/(दीक्षान्त)/5281
**दिनांक:** 01.12.2022

सेवा में,

**समस्त सम्मानित प्राचार्य/प्राचार्या**
**राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालय सम्बद्ध**
**चौ० चरण सिह विश्वविद्यालय, मेरठ।**

महोदय/महोदया,

आपको हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ का 34वाँ दीक्षान्त समारोह **बृहस्पतिवार दिनांक 15.12.2022** को होना निर्धारित हुआ है। इस सम्बन्ध में आपको अवगत कराना है कि आप विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय/अनुदानित महाविद्यालयों के सम्मानित प्राचार्य/प्राचार्या हैं तथा विश्वविद्यालय नियमावली के प्राविधानों के अनुसार आपको, दीक्षान्त समारोह शोभा–यात्रा में सम्मिलित होना है। अतः मा० कुलाधिपति के नेतृत्व में निकलने वाली शोभा यात्रा में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

उक्त के क्रम में सादर सूचित करना है कि दीक्षान्त समारोह में समरूपता लाने के दृष्टिगत गठित समिति की रिपोर्ट की संस्तुतियॉ एवं राज्यपाल सचिवालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र संख्या–ई–486/जी0एस0 दिनांक 17 जनवरी, 2018 के आलोक में शोभायात्रा में उपस्थित होने वाले सदस्य निम्नानुसार वेशभूषा में उपस्थित रहेगें।

| पुरूष वर्ग | महिला वर्ग |
|---|---|
| (i) पुरूष काले रंग का बन्द गले का सूट व काले जूते (स्वयं प्रबन्ध करना होगा)<br>(ii) उत्तरीय (विश्वविद्यालय द्वारा दिया जायेगा) | (i) महिला क्रीम कलर की साड़ी लाल बार्डर, लाल ब्लाउज एवं आवश्यकतानुसार लाल स्वेटर (स्वयं प्रबन्ध करना होगा)<br>(ii) क्रीम कलर की स्लीवलैस जैकेट एवं उत्तरीय (दोनों विश्वविद्यालय द्वारा दिये जायेंगे) |

अतः आपसे अनुरोध किया जाता है कि आप निर्धारित तिथि **15.12.2022**को दीक्षान्त समारोह **प्रारम्भ होने से एक घण्टा पूर्व "नेताजी सुभाषचन्द्र बोस प्रेक्षागृह"** के समीप बने पण्डाल (ड्रेसिंग रूम) में निर्धारित वेशभूषा में पहुँचकर अपना उत्तरीय/दीक्षान्त परिधान ग्रहण कर लें तथा फोटो सेशन व शोभा यात्रा में सम्मिलित होने के लिए तैयार रहने का कष्ट करें। कार्यक्रम का निमन्त्रण–पत्र आपको अलग से प्रेषित किया जायेगा।

सादर।

भवदीय,

कुलसचिव